**पश्चिम मध्य रेल**
**West Central Railway**

**महाप्रबंधक कार्यालय**
**जनसम्पर्क विभाग**
**जबलपुर**

# पितृपक्ष पर यात्रियों के लिए विशेष सुविधा – रानी कमलापति से गया के मध्य चलेगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

## पमरे के भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव

जबलपुर 22 अगस्त। पितृपक्ष के अवसर पर गया में पिंडदान हेतु बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा रानी कमलापति–गया–रानी कमलापति के मध्य 03-03 ट्रिप स्पेशल ट्रेन स्पेशल फेयर पर चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

**पमरे के क्षेत्राधिकार में गाड़ी संचालन का विवरण :-**

**गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति–गया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 07, 12 एवं 17 सितम्बर 2025 को** रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 13:20 बजे प्रस्थान कर, भोपाल (13:43/13:45), विदिशा (14:24/14:26), गंजबासौदा (14:55/14:57), बीना (15:50 /15:55), सागर (17:00/17:05), दमोह (18:20/18:22), कटनी (20:45/20:55), मैहर (22:10/22:12), सतना (22:45/22:55) और अगले दिन सुबह 09:30 गया पहुँचेगी।
इसी प्रकार **गाड़ी संख्या 01662 गया–रानी कमलापति पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 10, 15 एवं 20 सितम्बर 2025 को** गया स्टेशन से दोपहर14:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना मध्यरात्रि (00:55/01:00), मैहर (01:28/01:30), कटनी (02:30/02:40), दमोह (04:03/04:05), सागर (05:10/05:15), बीना (07:30/07:35), गंजबासौदा (08:10/08:12), विदिशा (09:03/09:05), भोपाल (10:28/10:30) और सुबह 10:45 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी।

**ठहराव :-** दोनों दिशाओं में यह स्पेशल ट्रेन भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर ठहरेगी।

**कोच संरचना :-** इस स्पेशल ट्रेन में 04 सामान्य श्रेणी, 13 शयनयान श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी तथा 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच सहित कुल 22 कोच लगाए गए हैं

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय-सारिणी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/322/2025 दिनांक 22.08.2025
सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर